मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की 'भवन एवं कार्य समिति' **(Building and Works Committee)** की दिनांक 04 दिसम्बर, 2018 को मध्याह्न 12.00 बजे स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न षष्ठम बैठक का कार्यवृत्तः–

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो० श्री निवास सिंह, कुलपति | : अध्यक्ष |
| 2 | प्रो० एस० के० श्रीवास्तव अधिष्ठाता, नियोजन, स्रोत जनन एवं पुरातन छात्र सम्बन्ध | : सदस्य |
| 3 | प्रो० एन० के० सक्सेना के०एन०आई०टी०, सुल्तानपुर | : सदस्य |
| 4. | श्री राजीव गर्ग, अधीक्षण अभियन्ता, आइ०डब्लू०डी०, आई०आई०टी०, कानपुर | : सदस्य |
| 5. | श्री पंकज कुमार सिंह, सहाययक अभियन्ता (मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उ० प्र०, गोरखपुर के प्रतिनिधि) | : सदस्य |
| 6. | प्रो० यू० सी० जायसवाल कुलसचिव | : सदस्य |
| 7. | श्री अमर सिंह, वित्त नियन्त्रक | : सदस्य |
| 8. | प्रो० गोविन्द पाण्डेय विभागाध्यक्ष, जनपदीय अभियंत्रण विभाग | : सदस्य–सचिव |

श्री राजीव गर्ग, अधीक्षण अभियन्ता, आई०डब्लू०डी०, आई०आई०टी०, कानपुर एवं श्री अशोक कुमार, आर्किटेक्ट 4/5 विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ बैठक में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

<u>कार्यवृत्त</u>

**मद सं०: 6.00 भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक दिनांक 14.07.2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

भवन एवं कार्य समिति के अवलोकनार्थ पंचम बैठक दिनां 14.07.2018 की कार्यवृत्त प्रस्तुत की गयी ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा प्रस्तुत कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**मद सं0: 6.01** **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की दिनांक 14 जुलाई, 2018 को सम्पन्न भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कियान्वयन की अनुपालन आख्या ।**

समिति द्वारा भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों के कियान्वयन संबधी विवरण से अवगत् होते हुए कृत कार्यवाही एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पुष्टि की गयी। [illegible]

**मद संख्या 6.02** **उत्तर प्रदेश राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति की सूचना ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु राज्य सरकार के योजना बजट में विश्वविद्यालय हेतु प्रावधानित धनराशि से स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई ।

**मद संख्या 6.03** **भारत सरकार के तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यकम (टेक्विप–।।।) के अन्तर्गत कार्यों के कार्य प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि भारत सरकार के तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यकन (टेक्विप–III) अन्तर्गत स्वीकृत अवस्थापना सुविधाओं संबंधी तीन परियोजनाओं हेतु तैयार आगणन/प्रस्ताव निम्नलिखित अनुसार प्रस्तुत किया गयाः–

| क0सं0 | कार्य का विवरण | लागत |
|---|---|---|
| 1. | Refurbishment of Toilets of Computer Sc. & Engg. Deptt. (Detailed Estimate) | Rs. 12.00 Lacs |
| 2. | Stengthening & Renovation of internal wiring of Academic Buildings. (Detailed Estimate) | Rs. 20.00 Lacs |
| 3. | Construction of Sheet Roofed convenience space for existing Seminar Hall of ITRC (Arya Bhatt Hall ) and Faculty Cabins (Priliminary Estimate) | Rs. 14.00 Lacs |

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 6.04 भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) अन्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति की सूचना।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त रुप से प्रदत्त अनुदान से स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई ।

**मद संख्या 6.05 ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ए०के०टी०यू०) के अनुदान योजनान्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के प्रगति की सूचना ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि ए० पी० जे० अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ए०के०टी०यू०) के "दीन दयाल उपाध्याय योजना" अन्तर्गत विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं के अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 6.06 विश्वविद्यालय स्रोतों से स्वीकृत/चल रहे कार्यों के प्रगति की सूचना ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण /रख–रखाव हेतु विश्वविद्यालय श्रोतों/बचतों से स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं के अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई ।

**मद संख्या 6.07 छः अदद पुरुष छात्रावासों की चहारदीवारी निर्माण के संशोधित प्रस्ताव/ आगणन का अनुमोदन ।**

भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक की कार्यवृत्ति के मद सं0 5.08 में दिये गये सुझाव अनुसार सौन्दर्य बोध (Aesthetics) के दृष्टिगत आगणन/प्रस्ताव रु0 205.14 लाख को संशोधित करते हुए रु0 225.14 लाख का आगणन प्रस्ताव संलग्न कर समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 6.08 अति पुराने पॉच अदद् छात्रावासो की आलमारियो के पुनरूद्वार कार्य के संशोधित प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन ।**

भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक की कार्यवृत्ति के मद सं0 5.10 में दिये गये सुझाव अनसार आलनारियों के भीतर प्लाई के स्थान पर ग्रेनाइट से पार्टीशन करने का प्राविधान करते हुए आगणन को संशोधित कर रु0 79.44 का संशोधित आगणन/प्रस्ताव संलग्न कर समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 6.09 फार्मेसी विभाग भवन निर्माण के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन ।**

विश्वविद्यालय के गठन के पश्चात् समुचित विकास हेतु पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार कर वित्तीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत राज्य सरकार के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा समुचित सुविधाओं के उपलब्ध होने की दशा में शैक्षणिक सत्र 2015–16 से चरणबद्व रूप से वर्ष–वार कुल 18 विभागों तक नये विभाग खोले जाने/प्रवेश क्षमता बढ़ाने/पाठ्यक्रम बढ़ाने की कार्य योजना पर विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 14.03.14 को सम्पन्न प्रथम बैठक में मद संख्या प्रथम–22 के अन्तर्गत अनुमोदन प्रदान किया गया जिसके अन्तर्गत फार्मेसी विभाग खोले जाने का अनुमोदन भी किया गया है (छाया प्रति संलग्न) ।

विश्वविद्यालय परिनियम – 2015 की धारा 26 (3) के अन्तर्गत प्रबन्ध बोर्ड को उपरोक्त आशय की शक्तियॉ प्राप्त है (छाया प्रति संलग्न) । उपरोक्त फार्मेसी विभाग भवन के निर्माण हेतु रू0 995.00 लाख का प्रारम्भिक ड्राईग/आगणन तैयार कर सम्मुख संलग्न समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया । आगणन का गठन उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग गोरखपुर के वर्तमान प्रणाली कुर्सी क्षेत्रफल के आधार पर दो मंजिला भवन भूकम्प रोधी संरचना एवं अन्य आवश्यक प्राविधानों सहित तैयार किया गया है। इस निमार्ण हेतु विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली गैर विवादित भूमि उपलब्ध है।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या 6.10 480 क्षमता पुरुष छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन।**

किया गया है।
विश्वविधालय का गठन एक पूर्णतया आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में
पुरुष छात्रो के आवासन हेतु कुल सात अदद् छात्रावास उपलब्ध हैं जिनमे 1718 शैय्या
उपलब्ध है जबकि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2018–19 में अध्ययनरत पुरुष छात्रों की संख्या 2474
(सूची की छाया प्रति संलग्न) है । इसप्रकार वर्तमान में 756 (2474–1718) शैय्याओं की कमी
है । इसके अतिरिक्त गत वर्ष से इस वर्ष पुरुष छात्र संख्या में 16 प्रतिशत की वृद्वि दर्ज की
गयी है, भविष्य में भी इसप्रकार की वृद्वि की संम्भावना है । सामान्यतः एक छात्रावास के
निर्माण में लगभग तीन वर्ष का समय लग जाता है । यदि समान वृद्वि दर भविष्य में भी बनी
रहती है, जिसकी पूरी सम्भावना है तब तीन वर्ष पश्चात् अध्ययनरत पुरुष छात्रों की संख्या
3861 होगी । इसप्रकार वर्तमान में पुरुष छात्रों के आवासन में शैय्याओं की जो कमी 756 है
वह बढ़कर 2143 हो जायेगी, जिसके सापेक्ष आवश्यक वित्तीय संशाधन जुटाने के हर सम्भव
प्रयास किये जा रहे है, जिसकी एक कड़ी में राज्य योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि से 480
शैय्या वाले रुपया 2216.83 लाख की लागत से एक अदद पुरुष छात्रावास का निर्माण

प्रस्ताव/आगणन राज्य सरकार को धन उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किया गया है । उक्त रु0 2216.83 लाख के प्रारम्भिक ड्राइंग/आगणन उ0 प्र0 लोक निर्माण विभाग के वर्तमान प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल दर के आधार पर तैयार कर समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद संख्या 6.11 **60 अदद टाईप–III आवासों के निर्माण के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की स्थापना एक आवासीय विश्वविद्यालय के रुप में की गई है । विश्वविद्यालय में लगभग प्रत्येक श्रेणी के आवास की उपलब्धता उनकी अर्हता रखने वाले कर्मियों के सापेक्ष कम है । वर्तमान परिस्थिति के दृष्टिगत तृतीय श्रेणी आवास की अर्हता वाले नियमित तृतीय श्रेणी (ए0जी0पी0 2800–4800) के स्वीकृत पद 95 के सापेक्ष 47 कार्यरत है, इसके अतिरिक्त अतिथि शिक्षक 38 हैं । इसप्रकार कुल आवश्यकता 133 आवासों की है, जबकि वर्तमान में तृतीय श्रेणी के कुल 32 आवास है । इसप्रकार 101 (133–32) आवासों की कमी है । जिसके सापेक्ष प्रथम चरण में 60 अदद तृतीय श्रेणी के आवासों के निर्माण हेतु रुपया 1653.90 लाख का प्रस्ताव/आगणन राज्य सरकार को धन उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किया गया है । उक्त आवासों के निर्माण हेतु उ0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर के वर्तमान प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल दर के आधार पर तीन मंजिला (06 आवासों के दस ब्लाक भूतल पार्किंग सहित) हेतु रु0 1653.90 लाख का प्रारम्भिक ड्राइंग/आगणन (मानकीकृत ड्राइंग के आधार पर) तैयार कर समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद संख्या 6.12 **आई0टी0सी0ए0 विभाग भवन विस्तार/निर्माण के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन।**

विश्वविधालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा एक नये विभाग के रुप में 'सूचना प्रौद्योगिकी एव संगणक अनुप्रयोग' (I.T.C.A.) विभाग की स्थापना कर दी गयी है, जिसे पूर्व से निर्मित कम्प्यूटर साईन्स एवं इन्जी0 विभाग के एक हिस्से (पूर्वी) में स्थित दो मंजिल भवन में संचालित किया जा रहा है । उक्त भवन से सटे मात्र 104.77 वर्ग मीटर की भूमि उपलब्ध है जिसमें दो मंजिला भवन निर्मित किये जाने हेतु रु0 88.50 लाख का प्रस्ताव/आगणन राज्य सरवकार से धन उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेषित किया गया है । उक्त निर्माण कार्य हेतु रु0 88.50 लाख का प्रारम्भिक ड्राइंग/आंगणन लोक निर्माण विभाग के वर्तमान प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल दर के आधार पर तैयार कर समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 6.13 प्रयुक्त विज्ञान विभाग विस्तार/निर्माण के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन ।

विश्वविधालय के प्रयुक्त विज्ञान विभाग में दो नये पाठ्यक्रम – एम0एस0सी0 (फिजिक्स) एवं एम0एस0सी0 (मैथमेटिक्स) प्रारम्भ होने तथा बी0 टेक0 की छात्र संख्या में हुई वृद्वि के फलस्वरुप प्रयोगशालाओं एवं शिक्षक कक्षों में अत्यन्त कमी हो गयी है । वर्तमान प्रयुक्त विज्ञान विभाग भवन से सटे हुए (उत्तर दिशा की ओर) 221.15 वर्ग मीटर विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले गैर विवादित भूमि पर पुराने भवन से समायोजित करते हुए भूकम्प रोधी दो मंजिला भवन निर्मित किया जाना प्रस्तावित है, इस निर्माण कार्य हेतु रु0 156.27 लाख का प्रस्ताव/आगणन राज्य सरकार को धन उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेषित किया गया है । इस हेतु उ0 प्र0 लोक निर्माण विभाग के वर्तमान प्रभावी कुर्सी क्षेत्रफल दर के आधार पर रु0 156.27 लाख का प्रारम्भिक ड्राइंग/आगणन तैयार कर समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 6.14 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।

इस मद में कोई प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत नहीं हुआ ।

बैठक, अन्त में, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद सहित सम्पन्न हुयी ।

4.12.18
(गोविन्द पाण्डेय)
सदस्य–सचिव
भवन एवं कार्य समिति

04.12.18
(श्री निवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष
भवन एवं कार्य समिति